CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 262 रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# मलकानगिरी में नक्सलियों की बंदूक फैक्ट्री का भंडाफोड़ विस्फोटक के साथ हथियार बनाने के सामान किए बरामद



**जगदलपुर,** 16 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। ओडिसा के मलकानगिरी पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है, कालीमेला थाना क्षेत्र के धूमल और चिलकलामुडी रिजर्व फॉरेस्ट इलाके में चलाए गए सर्च ऑपरेशन में तलाशी के दौरान नक्सलियों की एक गुप्त बंदूक फैक्ट्री का पता चला.

आंध्र-ओडिशा सीमा पर सिलुरु थाना क्षेत्र में डीवीएफ के जवानों की छापेमारी में कई अर्धनिर्मित बंदूकें, मरम्मत के उपकरण, और हथियार बनाने की पूरी सामग्री बरामद की गई, इसके साथ ही नक्सलियों द्वारा छिपाई गई तीन बारूदी सुरंगें जिनका वजन तीन, दो और एक किलो है, उसे भी जब्त की गई है. यही नहीं पांच डेटोनेटर, कॉडेक्स वायर, वेल्डिंग मशीन, जनरेटर और वेल्डिंग रॉड जैसे उपकरण भी बरामद किए गए हैं. पुलिस का मानना है कि यह फैक्ट्री नक्सलियों के हथियार मरम्मत और निर्माण का अहम ठिकाना थी, बरामद सभी विस्फोटक और सामग्री को सुरक्षा बलों ने नष्ट कर दिया है, जबकि जब्त किए गए सामानों को आज जिला पुलिस कार्यालय में प्रदर्शित किया गया, मलकानगिरी पुलिस ने इसे नक्सल नेटवर्क पर बड़ा प्रहार बताया है और आगे भी ऐसे अभियानों को तेज करने की बात कही है.

## सीएम साय के सामने 140 से ज्यादा नक्सली करेंगे सरेंडर

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने छत्तीसगढ़ के 140 से ज्यादा नक्सली सरेंडर करेंगे. 17 अक्टूबर शुक्रवार को जगदलपुर में नक्सली नेता रूपेश के नेतृत्व में नक्सली 100 से अधिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटेंगे. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के सरेंडर पर कहा, बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर करने को तैयार हैं. हम नक्सलियों का रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करेंगे. जगदलपुर में ऑफिसियल सरेंडर अनाउंस होंगे. कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साव के सामने रूपेश और उसके साथी सरेंडर करेंगे. इसकी तैयारी में पुलिस महकमा जुटा हुआ है. गृहमंत्री शर्मा ने कहा, बस्तर की जनता लाल आतंक नहीं चाहती. दीपक बैज के आरोपों पर विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ का नेतृत्व हमने झीरम में खोया था. ये कांग्रेस के नेता हैं, जिनको हमने खोया था. झीरम घाटी का रिपोर्ट जेब में है बोलकर 5 साल निकाल दिए. आज जो परिवर्तन हो रहा नई सरकार के प्रयास से हो रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर विजय शर्मा ने कहा, 31 अक्टूबर की रात को प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ आएंगे और एक नवंबर राज्योत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. फिर प्रधानमंत्री 28, 29, 30 नवंबर को रायपुर में रहेंगे, वे डीजी कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे.

**गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा- रेड कार्पेट बिछाकर करेंगे स्वागत**

# बिहार चुनाव : भाजपा प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होंगे सीएम



**भूपेश पर तंज कसते हुए साय बोले- कई प्रदेश के प्रभारी बन चुके हैं, परिणाम सबने देखा है**

**रायपुर,** 16 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन रैली में शामिल होने बिहार के लिए रवाना हुए. इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, आज बिहार प्रवास पर जा रहे हैं. वहां दो चरणों में विधानसभा का चुनाव होना है. प्रथम चरण के लिए नॉमिनेशन चल रहा है. तीन विधानसभा प्रत्याशियों के नामांकन रैली में शामिल होकर भाजपा के पक्ष में लोगों से समर्थन मांगेंगे.

कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बिहार चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी है. इस पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, अब वो तो पहले भी जा चुके हैं. कई प्रदेश के प्रभारी बनकर जा चुके हैं. क्या परिणाम आया है सबने देखा है. मुख्यमंत्री के साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भी बिहार के लिए रवाना हुए. बता दें कि सीएम साय सुबह 11.35 बजे पटना के स्काउट एंड गाइड मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे. दोपहर 1 बजे तारापुर विधानसभा प्रत्याशी सम्राट चौधरी के नामांकन रैली में शामिल होंगे. दोपहर 2.15 को मुंगेर विधानसभा के उम्मीदवार कुमार प्रणय के नामांकन रैली में शिरकत करेंगे. फिर शाम साढ़े 6 बजे सीएम साय विशेष विमान से रायपुर लौटेंगे.

## ब्रेकिंग न्यूज

### भाजपा ने सभी 101 नाम घोषित किए : तीसरी सूची में 18 उम्मीदवारों का ऐलान

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बिहार के विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। तीसरी सूची में 18 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। इससे पहले दिन में भाजपा ने 12 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी। वहीं पहली सूची में 71 उम्मीदवारों के नाम शामिल थे। भाजपा ने अंतिम सूची में दो और महिलाओं को टिकट दिया है। तीसरी लिस्ट में पार्टी ने राघोपुर से सतीश यादव को टिकट दिया है। इस सीट पर बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव उम्मीदवार हैं और यह राजद की परंपरागत सीट रही है। वहीं, बीजेपी ने भभुआ के विधायक भरत बिंद और मोहनिया की विधायक संगीता पासवान को पाला बदलने का इनाम दिया है। पार्टी ने दोनों को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने पीरपैंती से अपने मौजूदा विधायक ललन पासवान का टिकट काट दिया है।

### ट्रंप की मीडिया पर नई पाबंदियों से बवाल-भड़के पत्रकारों का पेंटागन में हंगामा, सभी ने लौटाए एक्सेस बैज

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा पत्रकारों पर लगाए गए नए प्रतिबंधों को अस्वीकार करते हुए कई पत्रकारों ने बुधवार को अपने 'एक्सेस बैज% (पेंटागन में प्रवेश का आधिकारिक कार्ड) लौटा दिए और पेंटागन (अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय) से बाहर निकल गए। समाचार संगठनों ने रक्षा मंत्री द्वारा लागू किए नए नियमों को लगभग सर्वसम्मति से खारिज किया है। इन नियमों के तहत हेगसेथ द्वारा स्वीकृत न की गई किसी भी जानकारी की रिपोर्टिंग पर पत्रकारों को पेंटागन से निष्कासित किया जा सकता है चाहे वह जानकारी गोपनीय हो या नहीं, । शाम चार बजे की समय सीमा से पहले पत्रकारों ने सामूहिक रूप से पेंटागन खाली कर दिया। करीब 40-50 पत्रकारों ने एक साथ बैज सौंपे और अपने सामान लेकर बाहर निकल गए।

'द अटलांटिक% की रिपोर्टर नैन्सी यूसुफ ने कहा, ''यह दुखद है, लेकिन मुझे गर्व है कि प्रेस समुदाय एकजुट रहा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नए नियमों का व्यवहारिक असर क्या होगा। हालांकि, समाचार संगठनों ने यह वादा किया है कि वे सेना की मजबूत और व्यापक कवरेज किसी भी स्थिति में जारी रखेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह कहते हुए इन नियमों का समर्थन किया है।




चूहा- सुनती हो, बिहार में प्रशांत किशोर कह रहे हैं कि मैं चुनाव नहीं लडूंगा।
चुहिया- हां जी, हार गए तो कहीं के नहीं रह जाएंगे..!

## साजिश या हादसा: बेल्जियम से लौट रहे रक्षा मंत्री के विमान की टूट गई खिड़की !

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक में हिस्सा लेने के बाद अमेरिका लौट रहे रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के विमान की खिड़की के शीशे में दरार के कारण उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे ब्रिटेन भेजा गया। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विमान में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स% पर एक पोस्ट में बताया कि विमान मानक प्रक्रियाओं के आधार पर उतरा। ये घटना कोई साजिश है या वास्तविक हादसा इसकी गहनता से जांच का आदेश दिया गया है। हेगसेथ के ब्रसेल्स से रवाना होने के बाद ओपन सोर्स फ्लाइट ट्रैकर ने पाया कि उसका सी-32 विमान ऊंचाई पर नहीं पहुंच पा रहा है और एक आपातकालीन संकेत प्रसारित कर रहा है। पेंटागन में पत्रकारों के लिए नए नियमों को अस्वीकार करने के कारण 'पेंटागन प्रेस कोर% का कोई भी सदस्य हेगसेथ के साथ यात्रा नहीं कर रहा था। फरवरी में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष सीनेटर जिम रिश को ले जा रहे वायु सेना के सी-32 विमान को भी कॉकपिट की खिड़की के शीशे में समस्या के कारण इसी तरह वाशिंगटन लौटना पड़ा था। यह घटना वाशिंगटन के बाहर 'ज्वाइंट बेस एंड्रयूज% से उड़ान भरने के लगभग 90 मिनट बाद हुई। सी-32, बोइंग 757-200 वाणिज्यिक विमान का एक विशेष रूप से निर्मित संस्करण है जो उपराष्ट्रपति, प्रथम महिला और कैबिनेट एवं संसद के सदस्यों सहित अमेरिकी नेताओं द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।

**यूके में कराई गई आपात लैंडिंग**

## विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष बनवारी लाल अग्रवाल का निधन, भाजपा में शोक की लहर



**रायपुर,** 16 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता बनवारीलाल अग्रवाल का आज निधन हो गया। उन्होंने 78 साल की उम्र में अंतिम सांसें ली। उनके निधन से भाजपा में शोक की लहर है। बता दें कि बनवारी लाल अग्रवाल छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्यप्रदेश) के कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने थे।

बनवारी लाल ने पहली बार 1993 का विधानसभा चुनाव लड़ा और कांग्रेस के कृष्णलाल जायसवाल को 7,414 मतों के अंतर से हराया था। इसके बाद 1998 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने इसी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के जय सिंह अग्रवाल को हराकर पुनः निर्वाचित हुए थे। मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ के विभाजन के बाद 2003 का विधानसभा चुनाव कटघोरा निर्वाचन क्षेत्र से वरिष्ठ कांग्रेस नेता बोधराम कंवर के खिलाफ लड़ा, लेकिन हार गए। इसके बाद, उन्होंने 2008 का विधानसभा चुनाव कोरबा से जयसिंह अग्रवाल के खिलाफ लड़ा और केवल 587 मतों के अंतर से हार गए।

## पहली बार जगमग होगा राम मंदिर का 70 एकड़ परिसर गिनीज की टीम पहुंची रामनगरी



**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। इस बार का दीपोत्सव कई मायने में खास होने जा रहा है। यह पहला अवसर होगा जब भव्य राम मंदिर का पूरा 70 एकड़ परिसर जगमग होगा। मंदिर के चारों दिशाओं में फैला चार किमी क्षेत्र डेढ़ लाख दीपों से आलोकित होगा। दीपोत्सव के दिन 19 अक्तूबर को ठीक 5.30 बजे पूरा परिसर दीपों की रोशनी से नहा उठेगा।

राम मंदिर ट्रस्ट ने इस बार दीपोत्सव को पहले से कहीं अधिक व्यापक स्वरूप देने का निर्णय लिया है। अभी तक दीपोत्सव राम मंदिर के गर्भगृह, दर्शनपथ तक ही सीमित रहता था। अब चूंकि 70 एकड़ का पूरा परिसर साफ-सुथरा हो चुका है। मंदिर निर्माण के पहले चरण के काम भी लगभग पूरे हो चुके हैं। कई नए प्रकल्पों का निर्माण हो चुका है। इसी के चलते दीपोत्सव का स्वरूप व्यापक करने की योजना बनी है। मंगलवार की देर शाम राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने इसको लेकर बैठक की और दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी भी बांटी गई।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम पहुंची = गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम बुधवार को अयोध्या पहुंच गई है। टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने बताया कि इस बार दो विश्व रिकॉर्ड बनेगा। 30 लोगों की टीम उनके साथ आई है। जो नए लोग आए हैं उन्हें प्रशिक्षित करने काम किया जा रहा है। सबको अलग-अलग घाट की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर जलने वाले 26 लाख दीयों की आभा भक्ति और उल्लास का प्रतीक बनेगी। कोरियोग्राफ्ड म्यूजिकल ड्रोन शो और 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो श्रद्धालुओं को अनूठा अनुभव देंगे। पर्यटन विभाग ने ड्रोन शो और लेजर शो प्रस्तुतियों को आमजन के लिए दो दिन 18 व 19 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया है। स्वदेश निर्मित 1,100 ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की झलकियां प्रस्तुत करेंगे।

# भारत अहमदाबाद में करेगा 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी : एस. जयशंकर

**नई दिल्ली,** 16 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। भारत राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष की मेज़बानी के लिए तैयार है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ट्वीट किया कि भारत अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा - यह भारत और गुजरात के लिए गर्व का क्षण है। यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण का प्रमाण है। इससे पहले राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद शहर को इस प्रतियोगिता की मेज़बानी के लिए अनुशंसित किया था।

वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत, भारत ने देश में वैश्विक खेल टूर्नामेंट लाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किया है, जिसका अंतिम लक्ष्य 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करना है। जैसे-जैसे राष्ट्र उस उद्देश्य की ओर बढ़ रहा है, राजनीतिक और खेल नेतृत्व ने यह सुनिश्चित किया है कि भारत कई उच्च-स्तरीय आयोजनों की श्रृंखला आयोजित करे, जिससे देश भर में मजबूत खेल बुनियादी ढांचे को विकसित करने में मदद मिले। इस साल की शुरुआत में, विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर पहली बार भारत में आयोजित किया गया था। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अगस्त में भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित किया गया था। यह भारत के लिए बड़े पैमाने पर, बहु-विषयक आयोजनों की मेजबानी की यात्रा में एक आधारभूत कदम था। और कॉन्टिनेंटल टूर कोई पहली घटना नहीं थी। 2014 से, भारत ने कई वैश्विक टूर्नामेंटों की मेजबानी की है, जिससे उसकी साख मज़बूत हुई है और 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए उसकी सिफारिश एक स्वाभाविक विकल्प बन गई है।

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को मिला न्याय कोर्ट ने आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,** 16 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आज उम्रकैद की सजा सुनाई गई. मामले में विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड ज्योति अग्रवाल की अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए यह फैसला सुनाया है. जानकारी के मुताबिक, मामला 3 सितंबर 2024 का है, आरोपी की मुलाकात कोटमी थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग स्कूली छात्रा से बस स्टैंड में हुई. आरोपी ने पीड़िता को समोसा खिलाकर घर छोड़ देने के बहाने बहला फुसलाकर अपने साथ बैठाया और कोरबा जिले के पसान थाना क्षेत्र के तेलियामार गांव ले गया. वहां उसने अपने परिचित के घर ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था. घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर पेंड्रा थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और पोक्सो एक्ट की धारा 3 और 4 के तहत उसे आजीवन कारावास और 5000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है साथ ही,भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के अंतर्गत 5 वर्ष का कठोर कारावास और 2000 के अर्थदंड से भी दंडित किया गया. बता दें, अर्थदंड का भुगतान न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा. न्यायालय ने आदेश दिया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी. इस मामले में शासन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की.

## राज्योत्सव से रायपुर में लागू हो सकती है पुलिस कमिश्नर प्रणाली, गृह विभाग ने तैयार किए तीन विकल्प




**रायपुर,** 16 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। गृह विभाग ने इसके लिए तीन विकल्प तैयार किए हैं। सूत्रों के अनुसार, दीवाली के बाद होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही एक नवंबर यानी राज्योत्सव से रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हो सकती है।

रायपुर। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। गृह विभाग ने इसके लिए तीन विकल्प तैयार किए हैं। सूत्रों के अनुसार, दीवाली के बाद होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही एक नवंबर से रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू हो सकती है।

गृह विभाग ने इसके लिए पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) से प्रतिवेदन मांगा था। इसके लिए एडीजी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति बनाई गई थी, जिसमें अजय यादव, अमरेश मिश्रा, ओपी पाल, अभिषेक मीणा और संतोष सिंह सदस्य थे। कमेटी ने लगभग पखवाड़े पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है, जिसका परीक्षण फिलहाल जारी है। गृह विभाग ने कमिश्नर पद को लेकर तीन विकल्प तैयार किए हैं। पहला एडीजी रैंक, दूसरा आईजी रैंक और तीसरा डीआईजी रैंक अधिकारी की नियुक्ति का सुझाव है। शीर्ष पद के तय होने के बाद ज्वाइंट कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर के पदों की संख्या भी उसी के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, कमिश्नर से लेकर टीआई तक लगभग 60 से अधिक अधिकारी इस नई व्यवस्था में शामिल होंगे। कमिश्नरी प्रणाली लागू करने से पहले शासन ने ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों की व्यवस्था का अध्ययन किया है। देश के 167 शहरों में पहले से ही पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू है। रायपुर के बाद अगले वर्ष दुर्ग में भी यह प्रणाली लागू की जा सकती है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में पुलिस आयुक्त (कमिश्नरेट) प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी। अब शासन की तैयारी इस घोषणा को अमल में लाने की है।

CMYK